# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

**पत्रांक- 2634 /12-1 , कोटबंगला दिनांक 5 / 2 /2015**

सेवा में,

वन संरक्षक,
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड
मुनिकीरेती।

विषय : – **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–13 के अन्तर्गत धरासू–चिन्यालीसौड़ मोटर मार्ग से बगोड़ी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.655 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

सन्दर्भ :– **अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एसा0वाई0 सिचाई खण्ड लो0नि0वि0, उत्तरकाशी का पत्रांक–194 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / 17सी (ब0मो0मा0) दिनांक 27.01.2015.**

महोदय,

उपरोक्त विषयगत मोटर मार्ग हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा ऑन–लाइन नोडल को प्रेषित किया जा चुका है। नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्ताव पर कतिपय आपत्तियां लगाई गई थी। जिनका निराकरण प्रस्तावक विभाग द्वारा कर ऑन–लाइन नोडल अधिकारी को प्रेषित किया जा चुका है। प्रस्ताव पर नोडल अधिकारी द्वारा लगायी गई आपत्तियों का निराकरण प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा पूर्ण करने के पश्चात प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी द्वारा आपके कार्यालय में प्रेषित किया जा रहा है।

अतः विषयगत प्रस्ताव की तीन मूल प्रतियां इस अनुरोध के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है, कि प्रस्ताव अपने स्तर से नोडल अधिकारी को ऑन–लाइन करने के पश्चात दो मूल प्रतियां प्रेषित करने की कृपा करेंगे।

**संलग्न – प्रस्ताव 3 प्रतियां।**

भवदीय,

**प्रभागीय वनाधिकारी,**
**उत्तरकाशी वन प्रभाग**
**उत्तरकाशी।**

**प्रतिलिपि :–** अपर प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, भूमि संरक्षण निदेशालय इन्द्रानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एसा0वाई0 सिचाई खण्ड लो0नि0वि0, उत्तरकाशी को इस आशय के साथ सूचनार्थ प्रेषित कि विषयगत प्रस्ताव इस कार्यालय से प्राप्त करवा कर प्रस्ताव की तीन मूल प्रतियां वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, मुनिकीरेती के माध्यम से नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।